Bharat Temples

ओ मेरे प्रभु ओ मेरे प्रभु,
दुनिया के पालनहार हो तुम,
दीन दुखियों के आधार हो तुम,
ओ मेरे प्रभु ओ मेरे प्रभु।।

तर्ज ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम।

मेरा जीवन मेरे मोहन,
बिन तेरी कृपा किस काम है,
जो तेरी कृपा से चमक रहा,
ये असर तुम्हारे नाम का है,
जीवन भर साथ रहे अपना,
इस जीवन की पतवार हो तुम।
दीन दुखियों के आधार हो तुम,
ओ मेरे प्रभु ओ मेरें प्रभु,
दुनिया के पालनहार हो तुम,
दीन दुखियों के आधार हो तुम,
ओ मेरे प्रभु ओ मेरे प्रभु।।

कोऱ्इ ऐसा सेठ नहीं जग में,
जो अपना माल लुटाता फिरे,
तू ऐसा सेठ मिला हमको,
जो झोली सबकी सदा भरे,
मैं तेरा दिया ही खाता हूं,
इस जीवन के संचार हो तुम।

दीन दुखियों के आधार हो तुम,
ओ मेरे प्रभु ओ मेरें प्रभु,
दुनिया के पालनहार हो तुम,
दीन दुखियों के आधार हो तुम,
ओ मेरे प्रभु ओ मेरे प्रभु।।

मेरे दिल के अरमानों को,
तुम पूरा करने वाले हो,
है नाज हमें तुम पर कान्हा,
दुख दर्द मिटाने वाले हो,
धीरज और धर्म तुम्हीं से है,
अपने भक्तों की लाज हो तुम।
दीन दुखियों के आधार हो तुम,
ओ मेरे प्रभु ओ मेरें प्रभु,
दुनिया के पालनहार हो तुम,
दीन दुखियों के आधार हो तुम,
ओ मेरे प्रभु ओ मेरे प्रभु।।

अब एक प्रार्थना है तुमसे,
भव सागर पार लगा देना,
अपनी सेवा देकर कान्हा,
मुझे चरणों से लिपटा लेना,
नन्दू अज्ञानी मूर्ख हम,
सदज्ञान के भंडार हो तुम।
दीन दुखियों के आधार हो तुम,
ओ मेरे प्रभु ओ मेरें प्रभु,
दुनिया के पालनहार हो तुम,
दीन दुखियों के आधार हो तुम,

ओ मेरे प्रभु ओ मेरे प्रभु ।।

ओ मेरे प्रभु ओ मेरे प्रभु,
दुनिया के पालनहार हो तुम,
दीन दुखियों के आधार हो तुम,
ओ मेरे प्रभु ओ मेरे प्रभु ।।

Singer : Mukesh Bagda

Source: https://www.bharattemples.com/o-mere-prabhu-o-mere-prabhu-bhajan/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw